तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

10 रामनवमीं के दिन अयोध्या में श्रीराम लला का 40 लाख से...



11 राम नवमीं पर विशेष अनुष्ठान के साथ गूंजते...





## खबर संक्षेप



### नवयुवकों ने किया भाजपा प्रवेश

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रीति निति और विकसित भारत संकल्प से प्रभावित होकर घाट खाल्हे ग्राम पंचायत पिपरहट्ठा के युवकों ने राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू के निज निवास में भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने युवकों को गमछा पहनाकर स्वागत किया साथ ही केन्द्र सरकार की विकाशशील योजनाओं का विस्तार से चर्चा किया। साथ ही लोकसभा प्रत्याशी महासमुंद रुपकुमारी चौधरी को भारी मतों से विजय दिलाकर नरेंद्र मोदी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। अबकी बार, चार सौ पार। फिर एक बार, मोदी सरकार। के नारों के साथ युवकों में जोश भर दिया। बुथ अध्यक्ष पिपरहट्ठा-आनंद सिन्हा, जितेन्द्र साहू महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल छुरा, राजू साहू जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो गरियाबंद के मार्गदर्शन में भाजपा प्रवेश करने वालों मे प्रमुख रुप से लच्छन दीवान, पूर्व सरपंच पति पिपरहट्ठा, राजा नायक , मोहित यादव, हिरा लाल साहू, खिलेश्वर ठाकुर, मुरारी दीवान, किशन ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, नुमेश ठाकुर रहे।

### इरा का छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन



**नवापारा-राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हसदा 2 की छात्रा कुमारी इरा साहू पिता वीरेंद्र साहू का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है। इसके अंतर्गत कुमारी इरा साहू को कक्षा 9 से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12000 रुपये छात्रवृत्ति शासन द्वारा दिया जावेगा। इस उपलब्धि पर शिक्षक एस गायकवाड़, एके साहू, डायमंड सिन्हा, नेताम सर व मोनिका साहू प्रभारी प्राचार्य निषाद सर, सरपंच शशिप्रकाश साहू, पालक समिति एवं ग्रामीणों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई दिया।

### छेड़खानी, युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज


**महासमुंद।** नाबालिग से छेड़छाड़ किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गोलू निवासी बरपारा सुभाष नगर निवासी ने करीब रात 8 बजे काली मंदिर के पास प्रार्थिया के साथ छेड़खानी की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# अन्य प्रदेशों में खाने कमाने गए लोगों को मतदान के लिए विडियो कॉल से किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर


गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत हजारों लोग कमाने खाने के लिए आंध्रप्रदेश ईट भठ्ठों में पलायन कर चले गये है और इन ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने लगातार बिहान समूह की महिलाओं द्वारा उनसे सम्पर्क कर विडियों कॉल के माध्यम से उन्हे मतदान करने आने की अपील किया जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुहामेंटा, अडगडी, दाबरीगुडा, मुडागांव, छैलडोंगरी, इदागांव, केकराजोर, बिरीघाट, धनोरा, घुमरापदर, सरगीगुडा, भैसमुडी, झरगांव, कुहीमाल, भुतबेडा, डुमाघाट, गुरजीभाठा टी, साल्हेभाठा, सरनाबाहल, कुल्हाडीघाट, कोयबा, तेतलखुंटी, कोकडी, चलनापदर, भेजीपदर, बजाडी, मटिया, चिखली, कांण्डेकेला, गोलामाल, बुडगेलट्प्पा, फरसरा, मुचबहाल, धोबनमाल एंव सरईपानी पंचायत क्षेत्र से लगभग एक हजार 67 लोग पलायन कर आंध्रप्रदेश ईट भठ्ठों में काम करने के लिए पिछले 06 से 07 माह पूर्व चले गये है। शत-प्रतिशत मतदान के साथ इन दिनों मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, जगह- जगह मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण से लेकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जनपद पंचायत द्वारा बिहान समूह की महिलाओं द्वारा लगातार पलायन कर आंध्रप्रदेश चले गये ग्रामीणों से मोबाईल फोन एवं विडियो काल के माध्यम से संपर्क कर उन्हे मतदान की कीमत को बताते हुए मतदान करने 26 अप्रैल को आने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस कार्य मे ग्राम पंचायत के सचिव भी लगातार उनसे संपर्क कर रहे हैं।

## बिहान समूह की महिलाएं मतदान प्रतिशत बढ़ाने विडियो कॉल से बना रही संपर्क



### 1067 लोग पलायन कर अन्य प्रदेशों गए

जनपद पंचायत मैनपुर बिहान समूह के कार्यक्रम अधिकारी हेमंत तिर्की ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत से लगभग 1067 लोग पलायन कर आंध्रप्रदेश व अन्य प्रदेशों में खाने कमाने चले गये है, इन ग्रामीणों को मतदान करने के लिए 26 अप्रैल तक अपने ग्रामों में पहुंचने के लिए बिहान समूह की महिलाये एवं ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा लगातार मोबाईल फोन एवं विडियों काल के माध्यम से सम्पर्क कर मतदान करने के लिए बुलाने का प्रयास किया जा रहा है।



## समस्या : निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में जान जोखिम में डालकर आवागमन करने लोग मजबूर

# सड़क पर उड़ रहे धूल के गुबार दुकानदार-यात्री सभी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

धूल के गुब्बारे उड़ते यह दृश्य किसी गांव खेड़े के कच्ची सड़कों का नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाईवे) 130 सी रायपुर देवभोग मार्ग का है। कोपरा और पाण्डुका के बीच उड़ते धूल को देख कोई भी अंदाजा लगा सकता हैं की रायपुर से देवभोग होते उड़ीसा को जोड़ने वाला इस सड़क में चलना कितना खतरनाक और मुश्किल भरा साबित हो सकता है। इसके बाद भी हर दिन हजारों की संख्या में लोग इसी सड़क में जान जोखिम में डालकर आवागमन करने मजबूर हैं। इन सब के बावजूद प्रशासन आंख में पट्टी बांधे हुए है। सड़क में उड़ते धूल हर किसी के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। धूल सड़क किनारे के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व आसपास के घरों में घुस रहे हैं। उड़ते हुए धूल की वजह से सड़को में सुरक्षित चलना मुश्किल हो गया है। सामने या पीछे की ओर से आने -जाने वाले वाहन धूल की वजह से दिखाई नहीं देते लिहाजा आए दिन सड़क में हादसे हो रहे हैं। धूल की वजह से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। लोगों को घुटन महसूस हो रही है।





### सड़क निर्माण में मुरूम की जगह मिट्टी का उपयोग

नेशनल हाईवे 130 सी में बीते एक साल से फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क में मुरूम की जगह निम्न स्तरीय मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क की गुणवत्ता खराब हो रही है। इसके अलावा सड़क में डाले गए मिट्टी अब धूल बनकर उड़ रही हैं।



### धान की फसल में धूल की परत जमी

रबी फसल में लगे धान की फसल भी धूल से प्रभावित हो रहा है। धान में धूल की परत जम गया है, किसान बड़े मेहनत से धान की फसल तैयार किया है। अब फसल की बदली हुई सूरत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उड़ते हुए धूल से सड़क में चलने वालों की सूरत और सीरत दोनों खराब हो रही है। आम लोगों की दिक्कत और परेशानी को नजर अंदाज करते हुए सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।



## स्कूटी को चोरी कर नदी की रेत में छिपाने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



स्कूटी चोरी करने वाले चोर को फिंगेश्वर पुलिस ने गिरफतार किया है। चोरी के बाद आरोपी युवक ने स्कूटी को नदी के रेत मे गढ्ढा खोदकर दफन कर दिया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमीं पर्व के दिन नगर के प्रतिष्ठित नागरिक खेमलाल साहू की पुत्री लक्ष्मी साहू सीजी 23 जे–8091 से रामनवमीं की शोभायात्रा देखने अपनी सहेली के घर गई थी और उसे वापस छोड़ने उसके घर गई तो स्कूटी को बाहर खड़ा की थी। कुछ देर बाद वह घर आने के लिए सहेली के घर से बाहर आई तो स्कूटी गायब मिली। इस बात की जानकारी वह अपने पिता खेमलाल साहू को दी। पिता खेमलाल साहू के द्वारा स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट फिंगेश्वर थाना में किया गया, जिस पर पुलिस ने धारा 379 दर्ज कर मामले को जांच एवं विवेचना में लिया। मुखबिर से जानकारी के अनुसार संदेही मौली पारा निवासी बिसौहा विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष फिंगेश्वर से पूछताछ किया तो उसने अपराध करना स्वीकार किया और पुलिस को बताया कि वह स्कूटी चोरी कर सूखा नदी में धनेश ध्रुव के ईट भट्ठी के पास रेत में गढ्ढा खोदकर स्कूटी को रेत छिपा दिया है। पुलिस ने आरोपी के बताये गये स्थान पर पहुंचकर रेत के नीचे दबे स्कूटी को बरामद कर लिया। 18 अप्रैल को आरोपी युवक की विधिवत गिरफ्तारी कर उसे न्यायिक रिमांड में न्यायालय मे पेश किया गया जहां उन्हे जेल भेज दिया गया।

## महिलाओं ने कहा- हम सब मतदान के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में मतदान 26 को

लोकसभा के दूसरे चरण का मतदान महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को होगा। हालांकि लोकसभा का चुनावी रंग विधानसभा के चुनाव जैसा भी देखने को नही मिल रहा है किंतु चुनाव के लिए नए मतदाता व महिलाओं में खासा उत्साह है। मतदान की तारीख का इंतजार करते हुए समूह के महिलाओं ने कहा कि हम सब मतदान के लिए तैयार हैं नगर के माता रानी महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने चुनाव के प्रति खासा उत्साह दिखाते हुए ग्रुप फोटो करते हुए अपने चुनावी तैयारी की जानकारी देते हुए समूह के अध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा ने बताया कि इस



बार लोकसभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पूरी तरह तैयार हैं हालांकि इस दौरान काफी गर्मी और शादियों तथा ग्रीष्मकालीन धान कटाई की व्यस्तता है। बावजूद मतदान करने मतदान केंद्रो तक जाएंगे और अपने मत का उपयोग कर सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चाहे कितना भी व्यस्तता हो समय निकालकर मतदान करने जरूर पहुंचे और अपने जागरूक मतदाता होने का परिचय दें। समूह के ⏭ शेष पेज 10 पर

## नाबालिग को पत्नी बनाकर रखने वाला शादीशुदा पुरूष गिरफ्तार

**मैनपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के अधिकारी को दूरभाष से सूचना प्राप्त हुई, कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के एक गांव में एक शादीशुदा पुरूष के द्वारा अपनी पहली पत्नी के रहते हुये गांव के ही एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर एवं भगा कर अपने घर में पत्नी बनाकर रखा हुआ था। जिस पर 15 अप्रैल को तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज सत्यापन किया गया। जिसमें बालिका की आयु 17 वर्ष 03 माह होना पाया गया। पीड़िता पत्नी एवं नाबालिग बालिका के विषय की जानकारी अमलीपदर थाने में दी गई। आरोपी पति के विरुद्ध थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया। वर्तमान में आरोपी पति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुये पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया हैं। टीम द्वारा पीड़िता पत्नी, आरोपी पति एवं नाबालिग बालिका व स्थानीय लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 से अवगत कराया गया कि विवाह हेतु वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु के महिला एवं पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते हैं। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। इसी के साथ ही एक पत्नी के रहते हुये बिना उसके अनुमति एवं तलाक के दूसरी पत्नी को रखना कानूनी अपराध है। 18 वर्ष से कम आयु की किसी भी लड़की को भगाकर घर में पत्नी बनाकर रखना पॉक्सो एक्ट के तहत कानूनन अपराध है।

## सामान्य प्रेक्षक अनिल ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने किया। वे ग्राम अरण्ड, कोमा, धमनी के दो-दो मतदान केन्द्र और किरवई व राजिम के तीन-तीन मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय क्रियाशील रहे जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में



आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रेक्षक अनिल अग्रवाल को बताया गया कि गरियाबंद जिले में बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक घरों में जाकर मतदाताओं को मतदान तिथि, समय और उनके संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी युक्त पर्ची दी जा रही है। साथ ही मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरण की जा रही है, जिसमें मतदान और मतदाता से संबंधित सभी जानकारी सरल रूप में मौजूद है। इससे मतदाताओं को मतदान करने में आसानी और सहज होगी। इसी के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा बीएलओ के माध्यम से लोगों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करने की अपील की जा रही है। इस कार्य के लिए प्रेक्षक अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं बूथ लेवल ⏭ शेष पेज 10 पर

## अंचल के बाजारों में बिक रहा 10 रूपये गिलास

# गर्मी से बचने ग्रामीण मड़िया पेज का ले रहे हैं सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

इन दिनों बादल छटते ही अचानक तेज गर्मी और उमस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गई है, सुबह 11 बजे के बाद नगर व क्षेत्र में तेज धुप के कारण सन्नाटा पसर जा रहा है, इस भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान है और आधुनिकता के दौर में गर्मी से बचने जहां एक ओर लोग लस्सी एवं तरह-तरह के ठंडा पेय पदार्थ का उपयोग शहरों में कर रहे है तो वहीं दूसरी ओर गरियाबंद जिले के वनांचल आदिवासी मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में लोग परंपरागत पेय पदार्थ मड़िया पेज का सहारा ले रहे है, मड़िया पेज से उन्हे गर्मी से तो राहत मिलती है साथ ही यही उनके लिए शक्तिवर्धक के तरह भी काम करता है। जिसके चलते ग्रामीण इलाको में ग्रामीण बेहद कड़ी मेहनत करने वाले लोगों की पहली पंसद गर्मी के दिनों में मड़िया पेज होता है और तो और अप्रैल, मई और जून के भीषण गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र के वनांचल के ग्रामों में कही भी आप मेहमान के रूप मे चले जाईये आपका स्वागत ग्रामीण बकायदा मड़िया पेज से करते है। मड़िया पेज की सबसे बड़ी खासियत यह गर्मी से राहत पहुंचाता है। व्यक्ति एक गिलास मड़िया पेज पीकर घर से निकल जाये उन्हे लू नही लगती इसलिए गर्मी के दिनो मे क्षेत्र मे मड़िया पेज का काफी चलन है।



### भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं लोग

वनांचल के ग्रामो में ग्रामीण तुमड़ी में और छोटे हंडी में लेकर मड़िया पेज को चलते है। मड़िया रागी को पहले हॉलर मील में आटा बनाया जाता है फिर चांवल के साथ मिलाकर इसे पेज बनाया जाता है पेज बन जाने के बाद इसे ग्रामीण व क्षेत्र के लोग तुमड़ी व बर्तनों में लेकर अपने साथ सफर में भी ले जाते है साथ ही खेत खलियान जंगल में वनोपज संग्रहण के लिए ले जाते है और दोपहर 12 बजे इसे भोजन के रूप मे ग्रहण करते है। जिससे भूख भी मिट जाता है साथ ही शरीर को ठंडकता प्रदान करता है। वनांचल के बाजारों में मड़िया पेज 10 रूपये गिलास में मिलता है और तो और बड़े शहरो से रिश्तेदार व परिवारजन जब गर्मी की छुट्टी में गांव पहुंचते है तो वे शौक से मड़िया पेज का सेवन करते है, अब तो मड़िया का तरह -तरह के व्यंजन बनाने का भी प्रचलन बढ़ गया है।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### पीडीएस व्यवस्था ध्वस्त, चावल के लिए भटक रहे उपभोक्ता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही राजधानी में पीडीएस व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व सरकार में दो महीने का राशन एक साथ देने की घोषणा कर वाहवाही लूटने का प्रयास किया, किंतु राशन दुकानों को दो माह का राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है। अप्रैल माह का राशन ही अभी तक अधिकतर दुकानों में नहीं पहुंचा है और उपभोक्ता दो माह का राशन लेने के लिए राशन दुकानों में पहुंच रहे हैं। राशन दुकानदार उपभोक्ताओं को जवाब नहीं दे पा रहे हैं, लगातार बढ़ती भीड़ के कारण कई राशन दुकानें दो-दो दिनों तक बंद हो रही हैं। राशन दुकानदार उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराने के लिए भंडारण केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। राशन दुकान से ज्यादा भीड़ भंडारण केद्रों में हो रही है। सरकार व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल हुई है। राशन के अभाव में उपभोक्ता और राशन दुकानदार दोनों परेशान हो रहे हैं।

### निशुल्क कैंसर जांच शिविर 28 को

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल द्वारा एक दिवसीय 28 अप्रैल को निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चौबे कालोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञों से परामर्श लेकर इलाज सही समय पर शुरू कर सकते हैं। बालको मेडिकल सेंटर के विजेंद्र साहू के अनुसार बालको मेडिकल सेंटर की कैंसर सर्जन डॉ. नुपूर मिश्रा शिविर में उपस्थित होकर कैंसर से संबंधित निशुल्क परामर्श देंगी। शिविर में मेमोग्राफी की जांच होगी, जिसमें स्तन कैंसर का जीरो स्टेज में पता लगाया जाता है। वहीं पेरस्मीयर में बच्चेदानी के मुंह में कैंसर की जांच की जाएगी। ब्रश साइटोलॉजी में मुंह के कैंसर की जांच होगी। वहीं एफएनएसी के जरिए शरीर के किसी भी अंग में गांठ का सुई की जांच से पता लगाया जा सकेगा। शिविर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

### ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक किशनलाल वर्मा की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को किशन अपनी बाइक से कपसदा स्थित कंपनी में नाइट ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान तिवरैया तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रक सीजी 04 एलबी 1642 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए किशन की बाइक को ठोकर मार दी। इस दौरान किशन ट्रक के पहियों के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पेज 9 के शेष...

### महिलाओं ने कहा...

सचिव नर्मदा यादव, सदस्य सुनीता यादव, रेखा साहू, गायत्री वर्मा, देवकी साहू, सुकवंतिन साहू, विमला यादव, फुलेश्वरी यादव, भुनेश्वरी वर्मा, मूंगा साहू, तारणी साहू ने कहा कि हम मतदान के लिए तैयार हैं लोकतंत्र के इस महापर्व में सबको शामिल होना चाहिए जिससे मताधिकार का उपयोग करने की उत्सुकता बनी हुई है।

### सामान्य प्रेक्षक ...

अफसरों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने ग्राम धमनी के मतदान केन्द्र पर स्थापित हेण्डपंप चलाकर पानी आ रहा है या नहीं, यह भी देखा। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें चुनाव के दिन 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.डी बर्मन, जनपद सीईओ अजय पटेल, तहसीलदार अजय चन्द्रवंशी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# रामनवमीं के दिन अयोध्या में श्रीराम लला का 40 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

## अयोध्या में श्रीराम नवमीं का आंखों देखा हाल पंडित ब्रम्हदत्त ने बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पंडित ब्रम्हदत्त शर्मा अयोध्या पहुंचकर श्रीराम लला का दर्शन पहला रामनवमी में किया।वहां से लौटकर उन्होने बताया कि श्रीराम लला का साक्षात दर्शन करना, जीवन की धन्यता का सर्वोच्च शिखर है। बताया कि मन में अपूर्व शांति का दिव्य अनुभव हुआ। अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनवमी के दिन 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण माहौल में दर्शन किया। राम मंदिर परिसर में जूते चप्पल, बैग आदि सामान, मोबाइल रखने की निःशुल्क व्यवस्था थी। जगह-जगह पीने के लिए ठंडे पानी की मशीनें लगी हुई है। सैकड़ों शौचालय बने हुए है। राम मन्दिर जितना सुन्दर है उतना ही बड़ा बना हुआ है, एक साथ दो ढाई लाख लोग भी परिसर में हो तो पता नहीं चलता। डिब्बे में रखकर बेसन के देसी घी से बने बड़े स्वादिष्ट 5 लड्डू भी दिए जा रहे थे, जिसे पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था, वास्तव में राम लला के भक्तों ने उनका पहला जन्मदिन उनकी जन्मभूमि अयोध्या में बड़े जोश, उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया। पंडित जी ने बताया कि अभी तो मात्र एक तिहाई काम पूरा हुआ है जब 2 सालों के बाद पूरा मन्दिर परिसर बन जायेगा तो यह विश्व के सबसे अच्छे सर्व सुविधापूर्ण शहरों में गिना जाएगा। वैसे सनातन धर्म में अयोधा का नाम सबसे पहले आता है, हम सभी हिन्दू सनातन धर्मियों के लिए यह बड़े गौरव और सन्तोष का क्षण है कि 500 सालों के सतत संघर्ष के बाद, अशोक सिंघल, उमा भारती,ऋतुंभरा, अटल आडवाणी और लाखों राम भक्त कार सेवकों के त्याग और तपस्या के बाद यह दिन हम लोगों को देखने को मिला है, हम देशवासी इस समय अपने भाग्य की जितनी भी सराहना करें सो कम है, सचमुच यह आजादी का स्वर्णिम अमृत महोत्सव ही चल रहा है।



### बातचीत में बताया -हम राम लला के ननिहाल छत्तीसगढ़ से आए हैं

जब हम दर्शन करके निकल रहे थे तो अनेक चैनल वालों ने दर्शनार्थियों को घेर लिया और उनके विचार लेने लगे, मैने भी उनसे बातचीत में बताया कि हम राम लला के ननिहाल छत्तीसगढ़ से आए हैं, राम जी तो इस नाते से हमारे भांजे लगते हैं, यही कारण है कि हमारे छत्तीसगढ़ की धर्म प्राण सरकार वहां पर हर साल राजिम कुम्भ के नाम से धार्मिक मेला लगाती है, जिसमे देश भर के साधु संत, धर्माचार्य, महामंडलेश्वर, जगतगुरु शंकराचार्यजी आते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार अब तक हजारों लोगों को अयोध्या धाम की तीर्थ यात्रा करा चुकी है। धर्मस्व, पर्यटन व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बड़े संवेदन शील धर्म परायण व्यक्ति हैं।

## 66 हजार लेकर आरडीए समय पर नहीं करवा रहा बिल्डिंग का मेंटेनेंस

# 6 महीने में बदली आरडीए फ्लैट की सूरत गंदगी, सीपेज और चोरी से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कमल विहार सेक्टर 4 में आरडीए के एलआईजी फ्लैट पर 6 महीने में ही सीपेज की समस्या शुरू हो गई है। सपनों के आशियाने में जगह-जगह से पानी भरने लगा है। स्मार्ट सिटी आरएडीए के प्रोजेक्ट 2018 में लोगों ने 2 बीएचके बुक कराया था। काम पूरा होने के बाद नंबवर से लोगों ने रहना शुरू किया, लेकिन चंद महीनों में ही फ्लैट में पानी, बिजली, गंदगी, सीपेज और चोरी की शिकायत से लोग परेशान हो चुके हैं। लोगों की परेशानी से आरडीए के जिम्मेदार भी अवगत हैं, लेकिन समाधान के नाम पर तीन महीने से लोगों को केवल आश्वासन ही मिल रहा है। हरिभूमि की टीम फ्लैट का जायजा लेने कमल विहार सेक्टर चार पहुंची। फ्लैट के चारों ओर गंदगी का अंबार नजर आया, जिसकी दुर्गंध कमरे और सड़कों तक आ रही थी। बातचीत में लोगों ने बताया कि आरडीए ने बिल्डिंग मेंटेनेंस के नाम पर वन टाइम 66 हजार लिया है। हर महीने दर्जन से अधिक बार शिकायत करने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। घर बुकिंग के दौरान साफ-सफाई और बिल्डिंग मेंटेनेंस को लेकर जो दावा आरडीए ने किया था, हकीकत में सभी फेल हो चुके हैं।







### लाइट की सुविधा नहीं

रात में बिल्डिंग परिसर और सड़क में लाइट नहीं होने से पूरा इलाका काफी सुनसान हो जाता है। लोगों ने बताया, बिल्डिंग के पीछे चोरों की बस्ती है। ए ब्लॉक के चौथे फ्लोर में दो बार चोरी हो चुकी है। आरडीए ने लाइट की व्यवस्था नहीं की है। बिल्डिंग आने और जाने वाले लोगों को रोजाना दिक्कत हो रही है।



### लिफ्ट खराब बुजुर्गों को दिक्कत

6 महीने में फ्लैट की सूरत बदल गई है। लोगों की सुविधाएं उपयोग से पहले ही खराब होने लगी हैं। फ्लैट में लगी लिफ्ट दो महीने से बंद बताई जा रही है। ग्राउंड फ्लोर से चौथे व पांचवे माले में जाने के लिए लोगों को सीढ़ी से चढ़कर जाना पड़ रहा है। फ्लैट में रहने वाले बुजुर्गों ने घर से बाहर निकलना ही बंद कर दिया है। शिकायत के बाद भी आरडीए ने इसका मेंटेनेंस नहीं कराया है।

### बिल्डिंग में नहीं हो रही पानी निकासी

एलआईजी बिल्डिंग में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। बीते दिनों हुई बारिश का पानी अभी भी बिल्डिंग के नीचे जमा हुआ है। बारिश से पहले इसे ठीक नहीं किया, तो लोगों की परेशानी और भी बढ़ सकती है। बिल्डिंग के पीछे बस्ती के नाले का गंदा पानी भी सीधे बिल्डिंग में पहुंच रहा है, जिसके कारण यहां रहने वालों का बदबू से हाल बेहाल है। 6 महीने में सेप्टिक का पाइप जाम हो चुका, तो कहीं फट गया है। मल और गढंगी पाइप से बाहर निकल रही है। ऐसी स्थित बिल्डिंग के चारों ओर है।

# अमलीपदर में मना सुर्दशा व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम अमलीपदर में गुरुवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष दशमी तिथि होने के कारण सुर्दशा व्रत का व्रत मनाया गया। उड़ीसा अंचल से लगे हुए गांव होने के कारण यह व्रत आसपास के क्षेत्र में उड़ीसा सहित मनाया जाता है। यह व्रत महालक्ष्मी को प्रसन्न करने हेतु रखा जाता है। इस व्रत की महिमा श्री लक्ष्मी महापुराण में उल्लेख किया गया है, जब कभी भी शुक्ल पक्ष के गुरुवार को दशमी तिथि होता है तो यह सुर्दशा व्रत मनाया जाता है। जिसमें व्रत डोर में 10 गांठ होती है जिसमें 10 प्रकार के देवी- देवताओं का निवास होता है। इस व्रत का पालन करने से घर में धन संपदा सुख समृद्धि ऐश्वर्य की प्राप्ति भगवती लक्ष्मी भक्तों को प्रदान करती है। इसी प्रकार आज श्री मंदिर में आदिकाल से चली आ रही परंपरा अनुसार श्री मंदिर के प्रांगण में ग्राम के माताएं बहने यह व्रत करने हेतु उपस्थित हुई एवं सभी सामूहिक रूप से इस व्रत का पालन किया एवं राजा नल रानी दमयंती की कथा और राजा चोल की कथा का श्रवण किया गया और सभी एक साथ हुलहुली देते हुए श्री महालक्ष्मी की जयघोष करने लगे और अक्षत पुष्प आंवला बेलपत्र से श्री महालक्ष्मी का पुजन अर्चना किया गया। उक्त कार्यक्रम को श्री जगन्नाथ मंदिर पुजारी पंडित श्रीयुत युवराज पांडेय ने सम्पन्न करवाया और श्री महाप्रभु और महालक्ष्मी से सभी के कल्याण सुख समृद्धि की कामना करते हुए जय जगन्नाथ बोल हरी बोल कालिया के जयघोष से सारा गांव गुंज उठा।

# बस्तर के कलाकार बना रहे बैम्बू कॉटेज, गर्मी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों को गर्मी से बचाने के लिए बैम्बू के नये कॉटेज बनाए जा रहे हैं। इन कॉटेज को बनाने के लिए बस्तर के कलाकारों की टीम पहुंची है, जो पिछले कई दिनों से कॉटेज बनाने में जुटी हुई है। इससे पहले पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में कलेक्टोरेट परिसर में आधा दर्जन बैम्बू के कॉटेज बनाए गए थे, जो रखरखाव के अभाव में टूट-फुट चुके थे। इन कॉटेजों की भी मरम्मत कराई गई है।

कलेक्टोरेट में हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। इनमें कोई अपना काम लेकर, तो कोई समस्या व शिकायत लेकर पहुंचता है। परिसर में पंजीयन दफ्तर भी है, जहां हर रोज सैकड़ों लोग रजिस्ट्री कराने भी पहुंचते हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री दफ्तर का हाल भी छोटा पड़ जाता है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को रजिस्ट्री के लिए अपनी बारी का इंतजार करने खुले आसमान के नीचे धूप में खड़े होना पड़ता था, तो कई लोगों को पेड़ों की छांव के नीचे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था। लोगों को होने वाली इस परेशानी से बचाने के लिए पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में परिसर में आधा दर्जन बैम्बू कॉटेज बनाए गए थे। इन कॉटेजों के बनने के बाद लोगों को गर्मी से राहत के साथ धूप से भी राहत मिलने लगी है।

हरिभूमि सरोकार

**एक कॉटेज में 400 बांस का उपयोग :** परिसर में एक रजिस्ट्री कार्यालय के सामने और दूसरा जिला पंचायत कार्यालय के सामने बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। बस्तर के नारायणपुर जिले से आए कलाकारों की टीम के प्रमुख परमेश्वर नाग ने बताया कि पूरा कॉटेज बांस का बनाया जा रहा है। एक कॉटेज बनाने में करीब 4 सौ बांस लग रहे है। उन्होंने बताया कि बांस के कॉटेज गर्मी से काफी राहत देते हैं, इसलिए अब इसकी मांग ज्यादा है।



### गर्मी में देंगे राहत

कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम लोगों को गर्मी से राहत देने नये बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। ये कॉटेज पहले से काफी बड़े हैं, जिससे ज्यादा लोग इसमें बैठ पाएंगे।
- गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर

### टूट फूट चुके कॉटेज सुधारे गए, दो नये बड़े कॉटेज का निर्माण

पुराने कॉटेज देखरेख के अभाव में टूट फूट गए थे। वर्तमान कलेक्टर गौरव सिंह ने अब इन कॉटेजों की सुध लेकर इन्हें ठीक कराया, बल्कि पुराने कॉटेज की तुलना में तीन से चार गुना बड़े दो नये कॉटेज का निर्माण भी करा रहे हैं, ताकि कलेक्टोरेट आने वाले आम आदमी को धूप में खड़ा होना न पड़े।

# घर की छत पर बिजली उत्पादन करने प्रदेश के उपभोक्ताओं की रुचि कम, अब तक 22 सौ आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सूर्योदय पीएम योजना में सोलर पैनल लगवाने वालों को मिलेगी 300 यूनिट बिजली मुफ्त

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की रुचि बहुत कम है। इस योजना में अब तक अपने राज्य में महज 22 सौ आवेदन आए हैं। सबसे ज्यादा 310 आवेदन नक्सल प्रभावित सुकमा जिले से आए हैं, वहीं रायपुर जिले से 150 के आसपास आवेदन मिले हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है।

छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। इसी के साथ योजना में शामिल उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी जीरो हो जाएगा। यहां पर घरों में सोलर पैनल लगाने का काम एनटीपीसी को दिया गया है। देश के साथ ही अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस बार अप्रैल में ही बिजली की खपत बहुत बढ़ गई है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

ऐसे में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर की तरफ ले जाने की योजना बनाई गई है। इस योजना का बड़ा



### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना के लिए अपने राज्य में एनटीपीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

### सुकमा से ज्यादा आवेदन

योजना को लेकर प्रदेशभर से आवेदन मंगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। अब तक 22 सौ आवेदन आ गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा सुकमा जिले से 310, दुर्ग से 220, रायगढ़ से 156, बिलासपुर से 140, जांजगीर-चांपा से 135 और रायपुर से 150 के करीब आवेदन आए हैं। साथ ही और कुछ जिलों से आवेदन आए हैं, लेकिन इनकी संख्या गिनती की है।

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में श्री राम जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें अमलीपदर मे विराजित श्री दुर्गा मंदिर में स्थापित श्रीराम, जानकी व लखन लाल के पूजा अर्चना पंडित युवराज पांडे के द्वारा किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी आदर्श रामायण मंडली के सदस्य गण एवं समस्त युवा साथी उपस्थित हुए भगवान के जन्मोत्सव में भगवान की स्तुति वंदन पूजा अर्चना जयघोष के साथ से दुर्गा मंदिर परिसर गूंज उठा। तत्पश्चात महा भंडारा का आयोजन भी किया गया था, जिसमें समस्त श्रद्धालु महा भंडारा में जाकर के प्रसाद सेवन किया और संध्या काल श्री राम जी की महाआरती किया गया। गाजे-बाजे धूमाल में थिरकते नजर शोभायात्रा निकल गई। शोभायात्रा मुख्य मार्ग होते हुए श्री मंदिर ,बस स्टैंड ,शीतला मंदिर कुरलापारा, आजाद चौक, गांधी चौक, समस्त जगह पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें प्रभु राम जी की झांकी भी निकल गई। जिसका दर्शन श्रद्धालु को प्राप्त हुआ। इस धर्म आयोजन में अमलीपदर ग्राम के समस्त युवा वर्ग के सभी क्षेत्रवासियों का योगदान काफी सराहनी रहा। शोभायात्रा में भारी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



# तालाब और कुआं के पास अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान, दूषित जल के ट्रीटमेंट की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के पारंपरिक जल स्त्रोत तालाब और कुआं की सफाई के लिये नगर निगम जोनवार अभियान चलायेगा। कुआं और तालाब के आसपास अतिक्रमण होने की स्थिति में हटाने की कार्रवाई की जायेगी। 10 जोन के कमिश्नरों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय के निर्देश दिये हैं। साथ ही वर्षा जल संरक्षण कार्य करने विशेषज्ञों की मदद ली जायेगी।

नगर निगम द्वारा वर्षा जल का संग्रहण करने तथा ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। इसमें विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञों के साथ कार्ययोजना बनाकर अलग-अलग जोन में कार्य कराये जायेंगे। इसके लिये निगम प्रशासन पर्यावरण संरक्षण बोर्ड और निगम के इंपेनल्ड भू जल विशेषज्ञों से विमर्श कर रहा है। नगर निगम के सभी 10 जोन में कमिश्नर के मार्गदर्शन में पारंपरिक जलस्त्रोतों की सुध ली जायेगी। साथ ही आवश्यकता अनुसार जीर्णोद्धार कराया जायेगा।

### ग्राउंड वाटर म्यूजियम का प्रस्ताव

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों में जागरूकता लाने प्रत्येक जोन में ग्राउंड वाटर म्यूजिम बनाया जायेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने निर्देश दिये हैं। ये कार्य करीब 2 हजार वर्गफीट में निर्मित भवन में किया जाएगा, जहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के साथ ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम भी लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में जेल की खा रहे हैं हवाः डॉ. चंद्रशेखर



**फिंगेश्वर।** अन्ना हजारे के आंदोलन से अपनी पहचान बनाने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरी वाल वर्तमान में शराब घोटाला कांड के कींगपीन होने पर आज ईडी के न्यायिक हिरासत में जेल की हवा खा रहे है, जिसके कारण दिल्ली आज मुख्यमंत्री विहिन हो गया है। ऐसे स्थिति में अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाना चाहते है जो न्योचित नहीं है। उनके आप पार्टी के विधायकों पर भी उसे भरोसा नहीं है कि किसी को मुख्यमंत्री बना दिया जाय। इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन ही इसका एक मात्र उपाय है उक्त बाते समाज सेवी डॉक्टर चंद्रशेखर हरित ने प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने आगे बताया कि जो अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे के आंदोलन मे भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज बुलंद कर मंच में तालीया बटोरते रहे वहीं अरविंद केजरीवाल लोगों के आंखो में धूल झोंककर उनका विश्वास हासिल कर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने बैठे हैं। शराब घोटाला की आंच पूरे आप पार्टी के जिम्मेदार उनके साथियों के उपर आया है जिनके चलते ईडी के कार्यवाही को कोर्ट ने सही मानते हुए उन्हे भी जेल के हवाले किया है।

### खरोरा में अखंड रामायण समारोह जारी



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के तीसरे दिन शारदा मानस मंडली रीवीडीह, जय मां शारदा सुआ के संदेश मानस मंडली कोसमखुंटा, शिवा मानस मंडली पोखरा, नव जागृति मानस मंडली बरभाठा ने अपनी प्रस्तुति दी। रामायण मंडली के टीकाकारों ने सुन्दरकांड का वर्णन कर श्रोताओं को रामायण की कथा सुनाई। कार्यक्रम में चमन दास मानिकपुरी, अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, लता चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, ज्ञानिक यादव, मोतीलाल चंद्राकर, गाजाधर चंद्राकर आदि जुटे हुए हैं।

### आज बरोंडाबाजार में उर्स

**महासमुंद।** ग्राम बरोंडा बाजार में हजरत गरीब शॉहदाता र.अ. का उर्स पाक 20 अप्रैल शनिवार को मनाया जाएगा। जिसका प्रोग्राम बाद नमाज असर सुहाना मटका पार्टी द्वारा संदल चादर निकाली जाएगी, जो इमाम बाडा से आस्ताने ऑलिया पहुंचेगी। मजार शरीफ में चादरपोशी होगी। बाद नमाज मगरीय ओलमा ए कराम की तकरीर होगी। आम लंगर का भी आयोजन किया गया है। 21 अप्रैल दिन रविवार को नमाज फजर कुल की फातिहा होगी। कार्यक्रम की तैयारी में इन्तेजामिया कमेटी बरोंडा बाजार के मो. शरीफ माई, अजीम कुरैशी, अमीरूधीन, मो रफीक मो. हफीज, मो. रईस, जहीर खान, सहीर खान, फहीम खान, सफियतद्दीन, मो. सईद, मो. तोहीद, करीम खान मो. फिरोज, मो. आशीफ, तनवीर खान, दानिस, मो. आयाज, मजीद खान, हमीद खान, अनिश कुरैशी आदि जुटे हुए हैं।

### होम वोटिंग के लिए शेष 4 की वोटिंग 20 को

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए होम वोटिंग की सुविधा 18 अप्रैल को दी गई थी। इस दिन 218 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 93 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 125 मतदाता शामिल है। होम वोटिंग के दौरान 4 मतदाता अनुपस्थित पाए गए तथा 4 मतदाताओं की इस दौरान मृत्यु हो गई। 20 अप्रैल को मतदान दल द्वारा छूटे 4 मतदाताओं के घर जाकर होम वोटिंग कराएंगे।

**राम नवमीं : नगर में मनाया गया रामलला का जन्मोत्सव**

# राम नवमीं पर विशेष अनुष्ठान के साथ गूंजते रहे मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर में राम नवमीं हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया गया। गुरुवार को सड़के प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठीं। ज़िले के अलग-अलग मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। गरियाबंद में भी श्रीराम-सीता के मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद सिविल लाइन से हज़ारो की संख्या में राम भक्तों के द्वारा भगवान श्रीराम का भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। चैत्र माह के राम नवमीं को लेकर गुरुवार को नगर में हिन्दू रक्षा मंच के सदस्यो द्वारा नगर भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। हिन्दु शात्रो के अनुसार चैत्र माह का पहले दिन हिंदी नव वर्ष की शुरुवात मानी जाती है। नवमीं को भगवान राम के जन्मदिन के रूप में इस पर्व को पूरे देश में मनाया जाता है। भगवान राम ने मेष राशि में जन्म लिया, जिस पर सूर्य एवं अन्य पांच ग्रहों की शुभ दृष्टि पड़ रही थी। रामनवमीं के दिन ही गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना आरंभ की थी। रामनवमी का त्योहार के दिन है नवरात्र का समापन होता है और राम नवमी मनाया जाता है और इस दिन के लिये हिन्दू रक्षा मंच के द्वारा सप्ताह भर से तैयारियां किया गया था। जिसमे नगर को भगवा वस्त्र और तोरण पताखो से सुशोभित किया गया था, वहीं इस पर्व को लेकर आज सुबह से ही श्री राम जानकी मंदिर में हवन पूजा पाठ और भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, साथ ही दोपहर 5 बजे हिन्दू रक्षा मंच के सदस्यो द्वारा रामजानकी मन्दिर से श्री राम की शोभायात्रा राम जी की मूर्ति के साथ हनुमान जी के रूप में आए मंडली ने सबका दिल जीत लिया डीजे अखाड़ा और धमाल के साथ निकली जो लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती रही।

■ भक्तों ने निकाली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

**शोभायात्रा पर हुई फूलों की बारिश**





### लोगों को शरबत और आइस्क्रीम का वितरण

वहीं इस शोभायात्रा को लेकर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पार्षदो और कर्मचारियों के द्वारा शरबत पिलाते हुए फूल से स्वागत किये, साथ ही व्यापारी संघ के द्वारा लोगों को शरबत और आइस्क्रीम वितरण किया गया। और ये शोभा यात्रा रामजानकी मन्दिर से निकल कर तिरंगा चौक सदर रोड, शुभाष चौक, बजरंग चौक और बाजार से होते हुए नगर भ्रमण किये। इस पर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में भक्त श्रीराम के नारे और धार्मिक गीतों में झूमते हुए नगर का भ्रमण किये।

### चाक -चौबंध रही पुलिस व्यवस्था

आयोजित इस शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर चौकन्नी रही। हर चौक - चौराहे पर पुलिस तैनात दिखी और शांति व्यवस्था बनाते हुए रैली के साथ दिखे। वहीं थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े ने कमान संभली थी।

# पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

चार गांव के समिति जय मां गिधनी पाठ ग्राम गिधनी, खैरझिटी, जरगांव, रवेली के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पहाड़ी के ऊपर गिधनी पाठ देवी स्थल पर ज्योति कलश स्थापित किया गया था। वहीं तीन दिवसीय श्री राम चरित मानस यज्ञ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। तीन दिवस तक यज्ञ हवन पूजन कार्यक्रम चला। जिसमें यज्ञकर्ता संत गोवर्धन शरण महराज के सानिध्य में चन्द्रिका प्रसाद महराज के द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। यज्ञ में आसपास के श्रद्धालु भक्त गण बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। प्रतिदिन आगन्तुक संतो के द्वारा भजन कीर्तन हुआ। डिगेन्द्र हरदी वाले के द्वारा भी किर्तन किया गया। आखिरी के दिन छिपली मगरलोड से आए हुए रामधुनी पार्टी ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आकर्षक वेशभूषा से सज्जित पार्टी के कलाकारों ने खूब रंग जमाया। पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन हुआ। प्रकृति की अनुपम छटा बिखेरे पहाड़ी के ऊपर विराजित मां की शोभा बड़ी निराली है। एक सौ पांच ज्योति कलश इस वर्ष प्रज्वलित किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से गिधनी पाठ समिति अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष बीजू राम साहू, कोषाध्यक्ष रामाधार साहू, सचिव हरि राम साहू, सहसचिव खेमराज ध्रुव, मुख्य सलाहकार बली राम ठाकुर, संरक्षक देवकरण, साथ ही ओंकार सेन संचालक, रायसिंह ठाकुर, मदन ध्रुव, शिवदर्शन ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव बेदूराम ठाकुर, पुनीत ठाकुर, मनोहर ध्रुव, अशोक कुमार, नारायण सेन, विनोद सेन, जानू राम, लीला राम शरण, जगमोहन शरण, चन्द्रिका शरण, सोमनाथ, खेमराज, भीम ध्रुव, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षकों ने डीईओ को सौंपा खिलौना पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बच्चो को भय मुक्त होकर रोचक ढंग से सीखाने और अधिगाम कराए जाने का प्रावधान है। इस उद्देश्य से पीएलसी राजापड़ाव के शिक्षकों ने खिलौना शास्त्र पर आधारित खिलौना पुस्तिका का निर्माण किया है, जिसमें शिक्षक व बच्चों द्वारा निर्मित साथ ही कुछ खिलौना राजी से प्राप्त हुआ है। इन खिलौनों से बच्चों को खेलने दिया जा रहा है। जिनसे उनके अधिगम में वृद्धि हो रही है। साथ ही पाठ की विभिन्न अवधारणाओं को समझने बच्चों की शारीरिक मानसिक विकास में इन खिलौनों का काफी योगदान है। इसके साथ ही एनसीआरटी नई दिल्ली के द्वारा परिवर्धित जादुई पिटारा के अनुरूप स्थानीय परेवेशी खिलौना का पिटारा बनाया गया है। इन सभी खिलौनों का एक पुस्तिका पीएलसी राजापड़ाव के शिक्षक चमेली तीरघारी, आलोक शर्मा, शंकर लाल मरकाम, भूपेंद्र देवांगन संतोष कुमार तारक ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे के मार्गदर्शन में बनाया है। जिसकी प्रति शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक के एस नायक को सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि एक हजार शब्द से बेहतर होता है एक चित्र क्योंकि छोटे बच्चे बड़ी आसानी से चित्र देख कर उस पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते है। स्कूल रेडिणेंश के लिए यह पुस्तिका बहुत ही उपयोगी साबित होगी। जिला मिशन समन्वयक ने पीएलसी के सभी शिक्षको की कार्य की प्रशंसा में हुऐ कहा की आप लोग इसी तरह से बच्चों के अधिगम स्तर को बहुत ही अच्छा करने के कार्य करते रहे जिससे हमारे जिला गरियाबंद शिक्षा के क्षेत्र मे हमेशा आगे रहे। इसके साथ गरियाबांद जिला में संचालित शिक्षक सहायक कार्यक्रम विनोबा ऐप का संचालन किया जा रहा है। जिसमें हर माह पोस्ट ऑफ माह आने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। जिसमे मार्च माह में संतोष कुमार तारक, चमेली तीरधारी, सावित्री मारकंडे, डिगेशवर साहू, देवानंद साहू को पोस्ट ऑफ माह से प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत जिला मिशन समन्वयक के एस नायक, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, जिला समन्वयक विनोबा ऐप दिनेश कुमार साहू ने सम्मान किया।

# गांव के देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर, ग्रामवासियों ने दोना में लिया धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम में शुक्रवार को चैतराई जात्रा धूमधाम से मनाया गया। इसी दिन से आने वाले खरीफ़ फसल की शुरुआत हो जाती है। इस दिन सारा कामकाज पूरी तरह बंद रहता है। यहां तक इस दिन अभी के समय में महुआ फूल का झड़ने का कार्य युद्ध गति पर चल रहा है। मगर जिस दिन गांवों में यह जात्रा मनाते हैं, उस दिन महुआ फूल बिना या इक्ट्ठा करना पुरी तरह प्रतिबंध रहता है। ज्ञात हो कि इस तरह फसल होने के बाद किसान कटाई,लुवाई कर खलिहान में आने के बाद ग्रामीण अंचल में गांव बनाई का कार्यक्रम किया जाता है। इसी तरह आने वाले खरीफ फसल अच्छा हो इसके लिए चैत्र माह में पूर्णीमा के दिन या पूर्णिमा के पहले इस अंचलों में चैतराई जात्रा का कार्यक्रम हर गांवों में मनाया जाता है। ग्राम रसेला में शुक्रवार को गांव के बैगा भागवत कोमर्रा व उनके सहयोगी द्वारा सुबह से गांव के सभी देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति समृद्धि की कामना करते हैं। बैगा भागवत कोमर्रा ने बताया कि सभी देवी-देवताओं की पुजा अर्चना कर शीतला मंदिर में घर से लाया धान को जमीन में रखकर खम्हार लड़की उस धान के बीच में रखकर रस्सी से पीपल पत्ता की बैल बनाकर उसी धान में सात बार घुमाकर धान मिसाई का परंपरा को पूरा करते हैं। जिस तरह से हम लोग दौरी से धान मिसाई करते हैं, उसी तरह इस परंपरा को चैतराई जात्रा में निभा कर आज भी पुरानी परंपरा को संजो कर रखे हुए हैं। ग्राम रसेला में इसी दिन समस्त ग्रामवासी मां शीतला माता में इक्ट्ठा हुए और सालभर का जो तीज़ त्योहारों में खर्च हुआ रहता है, उसे ग्राम के सचिव रामायण ठाकुर ने आय व्यय को पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात शीतला मंदिर में पहुंचे हुए सभी लोगों ने परसा पत्ता का दोना को काठा बनकर बैगा द्वारा दोना में सभी एक काठा धान दिया गया। घर में लाए इस धान को जब किसान खरीफ फसल की बुआई शुभारंभ करते हैं। उसी दिन लाएं हुए धान को मिलकर खेत में बोवाई करते हैं। बैगा ने कहा कि जिस तरह से हम लोग आज आधुनिक युग के चलते टैक्टर या हार्वेस्टर, थ्रेसर से धान की मिजाई करते हैं। मगर आज भी क्षेत्र वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपरा को निभाते हुए मना रहे हैं। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उप-सरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव,भावसिह मरकाम, कमलेश्वर नायक, वेदव्यास निषाद, सगुन दास, धनीराम यादव, नंदुदास, लोकराम ध्रुव, तामेश्वर मरकाम, धनेश्वर ठाकुर,अशवत सेन, डायमंड ध्रुव, दयाराम निषाद, भागीरथी भुजिया , तुलाराम यादव, राकेश ठाकुर, ओमप्रकाश यादव, कोटवार खेमसिंह सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# तेंदूपत्ता तैयार, जल्द ही शुरू होगा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वनोपज में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला तेंदूपत्ता की फसल तैयार होने लगी है। और आगामी एक पखवाड़े में तेंदूपत्ता की तोड़ाई कार्य भी प्रारंभ होने की संभावना है। ज्ञात हो कि पूरे गरियाबंद जिले में मैनपुर तौरेंगा क्षेत्र के तेंदूपत्ता अपने बेहतरीन गुणवत्ता के लिए जाना जाता है यहां के तेंदूपत्ता अत्यधिक कीमत पर बिक्री होती है, जिसके कारण तेंदूपत्ता संग्रहको को बोनस के रूप में ज्यादा आय भी प्राप्त होती है। वनांचल के ग्रामीणों को तेन्दुपत्ता संग्रहण शुरू होने का इंतजार है क्योंकि इस सीजन में प्रति मान बोरो तेन्दुपत्ता की खरीदी 55 सौ रूपये में की जायेगी और हरा सोना के नाम से प्रसिध्द तेन्दुपत्ता से ग्रामीणों को बेहतर आमदनी होती है इसकी सालभर का इंतजार रहता है।



# पुराने एवं नये बस स्टेड में खुला प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भीषण गर्मी के चलते नगर पंचायत फिंगेश्वर ने नगर के नये एवं पुराने बस स्टेड में प्याऊ घर खोलकर लोगों की प्यास बुझाई। ठंडे पानी का सेवन कर लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है।

जब अंचल में गर्मी पूरे उफान पर हो और तापमान 38 से 40 डिग्री पर हो तो ऐसी स्थिति में सड़कों पर चलने वाले लोगों का कंठ ऐसे ही सूख जाता है और सभी को ठंडे पानी की तलाश होती है। ऐसे स्थिति में उन्हे होटलों एवं शीतल पेय सेंटरों का सहारा लेना पड़ता है जिससे उन्हे 20 में एक बोतल पानी खरीदकर पीना पड़ता है। इन्ही परिस्थितियों का भांपकर लोगों को परेशानी से छुटकारा दिलाने की भावना रखते हुए नगर पंचायत के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने नगर के दो प्रमुख सेंटरों मे प्याऊ घर खोलकर लोगों का प्यास बुझा रहे हैं। प्याऊ घर खोलने से लोगों का चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलने लगी है और इस पुनित कार्य के लिए नगर पंचायत का धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।




**सार्वजनिक जगह पर लगाया जायेगा शहीद का स्टेच्यू**

# शहीद राजेश को पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



विकासखण्ड मुख्यालय छुरा से 9 किलोमीटर दूर ग्राम रवेली में सार्वजनिक रंगमंच पर शहीद राजेश ध्रुव की फोटो लगाया गया। फोटो लगाने के बाद शहीद को पुष्पचक्र अर्पित किया गया। उनकी धर्मपत्नी तुलसी ध्रुव तथा उनके परिवार के सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर सलामी दी। वहीं शहीद राजेश ध्रुव का जन्म ग्राम रवेली में दिनांक 27 जुलाई 1994 को हुआ था। वे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में दिनांक 21/ मार्च 2017 को सिपाही के पद पर भर्ती हुए तथा प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त क्रमशः ग्रुप केन्द्र नीमच 212बटालियन एवं 209 कोबरा में तैनात रहे। दिनांक 28 सितंबर 2023 को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान झारखंड के गांव सरजमबुरू तुम्बाहाका पटाररोब के जंगली क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा की गई गोलीबारी व विस्फोट में सिपाही राजेश कुमार वीरगति को प्राप्त हुए। 19अप्रैल को अजय सिंह उपकमांडेट ग्रुप केन्द्र सीआरपीएफ रायपुर अपने -अपने जवानों के साथ ग्राम रवेली पहुंचकर शहीद की फोटो लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अनिल सिंह, हवलदार विनोद, भोलानाथ तिवारी, विनोद आर एच सी, सत्यवान हुडगो कांस्टेबल, हिरदे राम बड़े भाई, कौशिल्या ध्रुव, भगवान सिंह, भरत विश्वकर्मा, तुलसी शहीद की धर्मपत्नी, उदेराम, धनीराम साहू, भुवनेश्वर यादव, उमेन्द्र कुमार साहू, बंशीलाल साहू, प्रेमनारायण ध्रुव, हेमसिह ध्रुव, जीतेन्द्र सोनवानी, डोमार साहू, हरिराम साहू, माधव ध्रुव, गीता बाई आदि उपस्थित थे। उपकमांडेट ने बताया कि शहीद की पत्नी को पेंशन मिलना प्रारंभ हो गया है। अतिशीघ्र अनुकंपा नियुक्ति की भी कार्यवाही की जायेगी। शहीद का स्टेच्यू भी सार्वजनिक जगह पर लगाया जायेगा। वहीं जिस स्कूल में प्रारंभिक विद्या अध्ययन किया है उस स्कुल का नामकरण उनके नाम पर किया जायेगा।

# गीता पाठ के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम टेंगनाबासा के निवासी गोसाई राम पत्नी चित्ररेखा सिंहा के द्वारा आयोजित निज निवास में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया था।

भगवताचार्य पंडित धनंजय तिवारी ने व्यास पीठ से भागवत के अंतिम दिवस मे गीता सार कहते हुए कहा कि करमण्ये वाधिकार्सस्ते मा फलेसु कदा चने श्लोक के अर्थ बताते हुए कहा कि कर्म के फल मिलना सुनिश्चित है। अच्छा कर्मो का फल अच्छा, और बुरे कर्मो का बुरा फल बुरा मिलना प्रकृति पति परमात्मा ने आटोमेटिट सेट कर रखा है। इस लिए न दुख दो और न ही दुख लो। जीवो और जीने दो। शास्त्रों में कहा गया है ब्रह्मा अपने शुभ संकल्पो से सृष्टि की रचना की है। वैसे ही अच्छे सोच से परिवार और समाज का निर्माण होता है कहा।

